# प्रदेशभर में अब शुरू होंगे विभिन्न सड़क विकास कार्य वर्तमान परिस्थिति में सड़क निर्माण में श्रमिक प्रधान कार्यों को देंगे प्राथमिकता ः उप मुख्यमंत्री

**District :** dipr
**Department :**
**VIP Person :** General
Press Release
State News
**Attached Document :**
RK-20-04-2020-9.docx (http://103.203.138.54/news/206061/document/RK-20-04-2020-9.docx)

## DESCRIPTION

**प्रदेशभर में अब शुरू होंगे विभिन्न सड़क विकास कार्य**
**वर्तमान परिस्थिति में सड़क निर्माण में श्रमिक प्रधान कार्यों को देंगे प्राथमिकता ः उप मुख्यमंत्री**

जयपुर, 20 अप्रैल। उप मुख्यमंत्री श्री सचिन पायलट ने कहा है कि सार्वजनिक निर्माण विभाग प्रदेश में अब सड़क विकास के 2678 कार्य प्रारम्भ करेगा। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस महामारी के कारण प्रदेश में रुके हुए सड़क विकास कार्य मॉडिफाइड लॉकडाउन में शुरू हो सकेंगे।

उन्होंने बताया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से आगामी समय में शुरू होने वाले कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई है जिसके अनुसार अब करीब 3700 करोड़ रुपये से भी अधिक लागत से लगभग 8590 किलोमीटर लम्बाई की सड़कों के विकास कार्य करवाए जाएंगे।

श्री पायलट ने बताया कि 1,056 करोड़ की लागत से 212 किलोमीटर में राष्ट्रीय राजमार्ग के 13 कार्य, केन्द्रीय सड़क निधि योजना में 423 करोड़ की लागत से 71 किलोमीटर लम्बाई के 9 कार्य, 403 करोड़ की लागत से 1,140 किलोमीटर में गांवों को सड़कों से जोड़ने के 342 कार्य तथा 913 करोड़ की लागत से 3792 किलोमीटर लम्बाई के 1647 अन्य ग्रामीण सड़क कार्यों सहित अब कई कार्य शुरू हो सकेंगे।

उन्होंने ने बताया कि रूरल इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट फंड (आरआईडीएफ) योजना के तहत कुल 699 सड़कों के विकास तथा नवीनीकरण के लिए 383 करोड़ रूपये की नाबार्ड से स्वीकृति जारी हो चुकी है, जिसकी निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी। इस योजना के तहत लगभग 2252 किलोमीटर लम्बाई की सड़कों का विकास होगा। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही परियोजना के अनुसार कुल 2240 किलोमीटर लम्बाई की सड़कों का नवीनीकरण कराया जाएगा। इसमें ग्रामीण सड़कें तथा ग्रामीण सड़क तंत्र को मजबूत करने के लिए अन्य जिला सड़कें एवं मुख्य जिला सड़कें भी शामिल हैं। इसके अलावा बीकानेर में जालबसर से नकोदेसर तक 12 किलोमीटर लम्बी एक नई सड़क का निर्माण भी करवाया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे चरण के तहत भी 2200 किलोमीटर लम्बाई की सड़कों के अपग्रेडेशन के 237 कार्यों के लिए 1140 करोड़ रुपये की स्वीकृति जारी कर दी गयी है जिसकी निविदाएं आमंत्रित की जा रही हैं।

श्री पायलट ने बताया कि कोरोना महामारी के कारण वर्तमान में श्रमिक प्रधान कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शुरू किया जाएगा। साथ ही कोरोना वायरस बीमारी को ध्यान में रखते हुए कार्यस्थलों पर सोशल डिस्टेंस बनाए रखने, हाथों को बार-बार साबुन से धोने तथा मुहं पर मास्क लगाए रखने जैसे वांछित दिशा-निर्देशों का भी ध्यान रखा जाएगा।

\- - -